कार्यालय प्राचार्य
शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन, जिला– दुर्ग(छ.ग)
फोन एंव फैक्स नं. 07826 – 296200
**Email: patancollege@gmail.com** **Website: www.govtcccollegepatan.in**

क्रमांक / 466/स्था./अति.व्या./ 2026 पाटन दिनांक 19/08/26

परिशिष्ट–1

# अतिथि व्याख्याता हेतु संक्षिप्त विज्ञापन

शासकीय महाविद्यालय (शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन, जिला– दुर्ग (छग) के प्राध्यापक/सह–प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी के रिक्त पदों के विरूद्ध अध्यापन/पुस्तकालय/खेल–कूद व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता, अतिथि ग्रंथपाल, अतिथि क्रीड़ा अधिकारी एवं अतिथि शिक्षण सहायक/ग्रंथालय सहायक/क्रीड़ा सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण–पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 29.08.2026 को सायं 5:30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**नोटः – विस्तृत विज्ञापन संस्था के नोटिस बोर्ड, महाविद्यालय की वेबसाईट में अपलोड किया गया है। जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।**

for संयोजक
**अतिथि व्याख्याता चयन समिति**

19/8/26
संस्था प्रमुख
महाविद्यालय का नाम
Principal
Govt.C.L.C Arts and Science College Patan, Distt. Durg (C.G)
शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर स्नातकोत्तर
महाविद्यालय पाटन, जिला– दुर्ग(छ.ग)
**जिला – दुर्ग**

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन, जिला– दुर्ग(छ.ग)
फोन एंव फैक्स नं. 07826 – 296200
Email: patancollege@gmail.com Website: www.govtcccollegepatan.in

क्रमांक /466/स्था./अति.व्या./ 2026 पाटन दिनांक 19/08/26

परिशिष्ट–1 अ

## // अतिथि व्याख्याता एवं अन्य हेतु विस्तृत विज्ञापन का प्रारुप //

कार्यालय आयुक्त, उ.शि. संचालनालय रायपुर का पत्र क्रमांक ESTB-2035/637/2026- RAJPATRIT STHAPANA नवा रायपुर दिनांक 18.08.2026 के अनुसार शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन, जिला– दुर्ग (छ.ग) में अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता, अतिथि ग्रंथपाल, अतिथि क्रीड़ा अधिकारी एवं अतिथि शिक्षण सहायक/ ग्रंथालय सहायक/क्रीड़ा सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण–पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 29.08.2026 को सायं 5:30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक (पिन कोड– 491111) अथवा वावक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता :–**

1. अतिथि व्याख्याता, अतिथि ग्रंथपाल एवं अतिथि क्रीड़ा अधिकारी को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हतों तथा उच्चतर शिक्षा के मानकों के रख–रराव हेतु अन्य उपाय) विनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुरुप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि शिक्षण सहायक / ग्रंथालय सहायक /क्रीड़ा सहायक के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परंतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।

2. स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालयों में कार्य करने के लिए बिन्दु–1 के समान न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता के साथ–साथ आवेदकों को अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन का अनुभव तथा अध्यापन के दौरान छात्र–छात्राओं से अंग्रेजी माध्यम में संवाद कर पाठ्य–विषय से संबंधित जिज्ञासाओं का भी निराकरण करने में सक्षम होना अनिवार्य होगा। इस हेतु आवेदक अभ्यर्थियों की व्यवस्था राज्य स्तरीय गठित समिति के द्वारा सक्षमता एवं दक्षता के आधार पर निर्धारित की जायेगी।

3. आयु सीमा – अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक अधिकतम 65 वर्ष तक। अतिथि ग्रंथपाल /अतिथि क्रीड़ा अधिकारी एवं अतिथि ग्रंथालय सहायक /क्रीड़ा सहायक अधिकतम 62 वर्ष तक।

छत्तीसगढ़ में अतिथि व्याख्याता (Guest Lecturer) भर्ती नियमों के अनुसार, यदि मेरिट सूची में एक ही श्रेणी (Category) के दो अभ्यर्थियों के अंक समान (Tie) होते हैं, तो राज्य के मूल निवासी को वरीयता दी जायेगी।

**विषय/पदों का विवरण :–**

| कमांक | विषय | रिक्त पद एवं संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्राध्यापक | सह–प्राध्यापक | सहा. प्राध्यापक | ग्रंथपाल | कीड़ाधिकारी |
| 01. | गणित | – | – | 01 | – | – |
| 02. | | – | – | – | – | 01 |

टीपः – संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति /नियमित पदस्थापना या स्थनानंतरण के फलस्वरुप पद भर जाने पर उक्त पद के विरुद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता एवं अन्य की सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी।

**शर्तें :–**

01. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10 वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट /नेट, एम.फिल. /पी.एच.डी. अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।

02. दिनांक 29.08.2026 तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं, प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुक्रम सूची में शामिल किया जावेगा। ई–मेल से भजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा। वर्तमान में ऑफलाईन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहे है। भविष्य में आवेदन स्वीकार करने की इस प्रकिया में आनलाईन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभावित होगा।

03. अंतिम तिथि तक विश्वविद्यालय / महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।

04. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 03.09.2026 को महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा। महाविद्यालयों की वेबसाईट नहीं होने पर संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय की वेबसाईट में प्रकाशित किया जाना अनिवार्य होगा। वेबसाईट में विस्तृत विवरण भी अपलोड किया जायेगा।

05. गुणानकम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि 08.09.2026 तक होगी।

06. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 11.09.2026 को दिया जावेगा जिसका अवलोकन विश्वविद्यालय /महाविद्यालय की वेबसाईट अथवा सूचना पटल में किया जायेगा।

07. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरुद्ध पुलिस / न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय /अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी विश्वविद्यालय /महाविद्यालय में शिकायत/कार्य असंतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समापत नहीं की गई है।

08. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थिति नहीं होता है, तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

09. अतिथि व्याख्याताओं एवं अन्य की सेवायें भविष्य में नियमतीकरण का आधार नहीं होगा।

**10.मानदेयः–**

अतिथि व्यवस्था के अंतर्गत मानदेय निम्नानकुसार होना प्रस्तावित है :–

- अतिथि व्याख्याता मानदेय 2000/– प्रति कार्य दिवस (प्रतिमांह अधिकतम 50,000/–)
- अतिथि ग्रंथपाल क्रीड़ा अधिकारी 1600/–प्रति कार्य दिवस (प्रतिमाह अधिकतम 40,000/–)
- अतिथि शिक्षण सहायक– 1400/– प्रति कार्य दिवस (प्रतिमाह अधिकतम 35,000/–)
- अतिथि ग्रंथपाल सहायक /अतिथि क्रीड़ा सहायक 1200/– प्रति कार्य दिवस (प्रतिमाह अधिकतम 30,000/–)

11. आवेदक बंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता विश्वविद्यालय / प्राचार्य एवं आवेदित विषय / पद आवश्यक रुप से लिखें।

12. इस विज्ञापन के तहत व्यवस्था किये गये अतिथि व्याख्याता एवं अन्य को विश्वविद्यालयीन/ महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नहीं माना जायेगा और वे लोक–सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक सेवक नहीं कहलांयेगे।

13. संस्थान के इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत, यदि लगातार 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है तो उनकी व्यवस्था स्वतः समापत हो जायेगी, जिसकी कार्यवाही संबंधित संस्था प्रमुख द्वारा की जावेगी।

14. इन्हें सर्वत्र अनुशासन बनाये रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

15. कक्षाओं के संचालन के साथ–साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अध्यापन के अतिरिक्त कार्य यथा प्रवेश, परीक्षा, छात्रसंघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यिक एवं सास्कृतिक कार्यक्रम, क्रीडा गतिविधियां, युवा उत्सव, आन्तरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्यांकन, नैक मूल्यांकन संबंधित कार्यों में ये सहयोग प्रदान करेंगे।

17. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र में इनकी अध्यापन कार्य संबंधित अथवा अन्य शिकायतें प्राप्त होती है तो सेवायें तत्काल समाप्त की जा सकेगी तथा वे आगामी शैक्षणिक सत्रों में अध्यापन कार्य हेतु पात्र नहीं होंगे।

for संयोजक
अतिथि व्याख्याता चयन समिति

19/8/2026
Principal
Govt.C.L.C. Arts and Science
College Patan, Distt. Durg (C.G.)
संस्था प्रमुख
महाविद्यालय का नाम–
शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर स्नातकोत्तर
महाविद्यालय पाटन, जिला– दुर्ग(छ.ग)
जिला – दुर्ग